# आगजनी से बचाव के दिए टिप्स

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय के अग्निसुरक्षा विभाग ने चोगावड़ी ग्राम पंचायत में आगजनी से बचाव के टिप्स दिए। अग्निसुरक्षा विभाग के चीफ फायर ट्रेनर ए.के. सिंह ने ग्रामवासियों को एल.पी.जी. व बिजली से लगने वाली आग से बचाव के गुर बताए। कार्यक्रम में चोगावड़ी सरपंच रविन्द्र सिंह राणावत भी मौजूद रहे।

# चोगावड़ी में अग्नि सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )। मेवाड़ विश्विद्यालय के अग्निसुरक्षा विभाग ने अग्निसुरक्षां अभियान के तहत गंगरार स्थित चोंगावड़ी ग्राम पंचायत मे अग्निकांडों से बचाव के लिए अपनाये जाने वाले विषयो पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।.कार्यक्रम मे अग्निसुरक्षा विभाग के चीफफायर ट्रेनर ए.के. सिंह ने ग्रामवासियों को एल.पी.जी. व बिजली से लगने वाली आग से बचाव हेतु जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों को फायर सेफ्टी कॉर्स व इससे संबंधित रोजगार की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम मे चोंगावड़ी सरपंच रविन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने विभाग से भविष्य मे भी इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहने का आग्रह किया ताकि जान माल की हानि को रोका जा सके।

# आग लगने पर राहत उपायों की जानकारी दी

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय के अग्निसुरक्षा विभाग ने अग्निसुरक्षा अभियान के तहत गंगरार स्थित चोगावड़ी ग्राम पंचायत में अग्नि से बचाव के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया। अग्निसुरक्षा विभाग के चीफ फायर ट्रेनर एनके सिंह ने ग्रामवासियों को एलपीजी व बिजली से लगने वाली आग से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों को फायर सेफ्टी कोर्स व इससे संबंधित रोजगार की जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच रवींद्रसिंह मौजूद रहे।